# सतना के 17, मैहर के 6 ने प्रदेश स्तरीय मेरिट में बनाया स्थान

## 10वीं व 12वीं का एक साथ घोषित हुआ परीक्षा परिणाम

नवभारत न्यूज

**सतना 15 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. द्वारा बुधवार को हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये हैं।**

घोषित परिणामों के अनुसार हाईस्कूल की परीक्षा में सतना जिले में हाईस्कूल परीक्षा में 6 और 11 छात्र-छात्राओं ने हायर सेकेण्डरी परीक्षा में अपना स्थान प्रदेश की मेरिट सूची में बनाया है। इसी प्रकार मैहर जिले के हाईस्कूल परीक्षा में 4 छात्र और हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 2 छात्राओं ने प्रदेश स्तरीय प्रवीण्य सूची में नाम दर्ज कराया है। जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री ने बताया कि हाईस्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा 2026 में प्रदेश में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की अस्थाई प्रवीण्य सूची में सतना जिले के शासकीय हाईस्कूल रजरवार की कुमारी अंजली तिवारी और शासकीय कन्या उमावि उचेहरा की कुमारी पलक यादव ने 493-493 अंक अर्जित कर प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार शासकीय उत्कृष्ट उमावि व्यंकट क्रमांक-1 सतना की कुमारी प्राची कुशवाहा ने 492 अंक अर्जित कर आठवां स्थान और शासकीय संदीपनी उमावि बगहा की कुमारी कौशिकी द्विवेदी और गार्जियन एण्ड गाइड पब्लिक स्कूल सतना की कुमारी अन्नपूर्णा दुबे ने 491-491 अंक अर्जित कर नौवां स्थान प्राप्त किया है। शासकीय उमावि गोलहटा की छात्रा कुमारी अनामिका सिंह ने 490 अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा वर्ष 2026 में प्रदेश की मेरिट सूची में विज्ञान एवं गणित समूह में सत्या निकेतन उमावि नागौद की कुमारी डाली पुरवार ने 491 अंक अर्जित कर प्रावीण्य सूची में दूसरा और शासकीय उमावि बालक रामपुर बघेलान के मनेन्द्र केवट ने 490 अंक अर्जित कर प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान बनाया है। इसी प्रकार सरस्वती उमावि कृष्णनगर की कुमारी रेशू मिश्रा ने 489 अंक अर्जित कर चौथा स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर उमावि केशवनगर के श्रीजल पाण्डेय ने 486 अंक अर्जित कर सातवां स्थान, शासकीय उत्कृष्ट उमावि व्यंकट क्रमांक-1 सतना के अमन कुमार गुप्ता ने 484 अंक अर्जित कर नौवां स्थान प्राप्त किया है।

सत्य निकेतन उमावि नागौद की कुमारी श्रेया अग्रवाल और शासकीय उत्कृष्ट उमावि व्यंकट क्रमांक-1 सतना के नमन सिंह ने 483-483 अंक हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य समूह के अंतर्गत हायर सेकेण्डरी परीक्षा की मेरिट सूची में स्कालर होम उमावि डॉली बाबा सतना की छात्रा कुमारी सिमरन छावडिया और सुरेन्द्र पाल ग्रामोदय उमावि चित्रकूट की कुमारी नंदनी गर्ग ने 485-485 अंक हासिल कर प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

### हाईस्कूल का 62.13 व 12वीं का 68.75 रहा

जिला शिक्षा अधिकारी मैहर गिरीश अग्निहोत्री ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल में मैहर जिले का नाम इसी सत्र में शामिल किया गया है। मैहर जिले में हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम 62.13 प्रतिशत तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम 68.75 प्रतिशत रहा है। हाईस्कूल परीक्षा परिणाम वर्ष 2026 की परीक्षा में मैहर जिले की 4 छात्रों ने और हायर सेकेण्डरी की 2 छात्रों ने प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान दर्ज कराया है।

# सीधी को 12वीं 5वां, 10वीं में 14वां स्थान

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में सीधी जिले ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा, जो गत वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है।**

इस उपलब्धि के साथ सीधी जिले ने प्रदेश में 5वां स्थान प्राप्त करते हुए संभाग में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 81.61 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1 प्रतिशत अधिक है। कक्षा 10वीं में सीधी जिला प्रदेश में 14वें स्थान पर रहा तथा संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

**राज्य प्रावीण्य सूची में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन-** कक्षा 10वीं की राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के 15 विद्यार्थियों ने स्थान बनाकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 सीधी के अभय गुप्ता ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में अनन्या वर्मा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी ने तृतीय स्थान, आयुष द्विवेदी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला ने पांचवां स्थान, प्रिंस पटेल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 सीधी ने छठवां स्थान तथा सत्यम गुप्ता, डीवीएस पब्लिक हाईस्कूल प?रा ने सातवां स्थान प्राप्त किया। आठवें स्थान पर मनीष गुप्ता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला एवं कु. ओमिका शुक्ला, शिवम पब्लिक हाईस्कूल ब?खरा रहे। नौवें स्थान पर अभिषेक सिंह चौहान, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल सीधी एवं कु. अनन्या विश्वकर्मा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय म?रिया ने स्थान प्राप्त किया। दसवें स्थान पर ज्ञान प्रकाश पटेल, गांधी हाईस्कूल सीधी, चौतन्य सिंह चौहान, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 सीधी, कु. अपेक्षा मिश्रा, रितिक रोशन गुप्ता, अभ्युदय नवैत (सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला) एवं सागर गुप्ता, सांदीपनि बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली शामिल रहे।

### यूपीएससी की तैयारी करने का मन : अभय



माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में सीधी जिले के छात्र- ने टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज करने में सफल रहे हैं जिसमें से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के अभय गुप्ता ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है ।अभय गुप्ता ने कहा कि मेरी पढ़ाई शासकीय विद्यालय में हुई है हॉस्टल में रहते हुए मैंने खेलकूद के साथ पढ़ाई किया है रात के समय ज्यादा पढ़ाई पर ध्यान देता था मध्य प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल हुआ है इसमें मेरे माता-पिता एवं गुरु जनो का आशीर्वाद है। अब आगे यूपीएससी की तैयारी करने का मन है इस सपने को भी मुझे पूरा करना है।

**शिक्षक बनने का लक्ष्य लेकर तैयारी: लवकुश**



हायर सेकेंडरी परीक्षा में सीधी जिले से प्रदेश मैरिट में इकलौते स्थान पाने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकरी के छात्र लवकुश तिवारी ने कहा कि उन्हें गणित संकाय से 10 वां स्थान मिला है। उनके पिता संतोष तिवारी किसान हैं तथा मां हाउस वाइफ है। उनका लक्ष्य है कि आगे शिक्षक बनें। इसी को लेकर आगे की तैयारी रहेगी। इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता- पिता एवं शिक्षकों को दिया है।

# प्रदेश के कक्षा-10वीं की प्रावीण्य सूची में अवनीश ने बनाई जगह

## पांच छात्र-छात्राओं ने प्रदेश के टॉप-10 में बनायी जगह, सरस्वती विद्यालय का दबदबा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 अप्रैल। माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. भोपाल के द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम आज दिन बुधवार को घोषित कर दिया गया है। इस परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं के जिले के पॉच छात्र-छात्राओं ने प्रदेश प्रावीण्य सूची में जगह बनाने में सफलता हासिल की। वहीं अवनीश कुमार नाई ने प्रदेश में 497 अंक हासिल कर तीसरा स्थान अर्जित किया है। जबकि कक्षा 12वीं में एक भी छात्र-छात्राएं प्रदेश के प्रावीण्य सूची में जगह नही बना पाए।**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के द्वारा घोषित परीक्षा केन्द्र में अदाणी द्वारा संचालित नगवां सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल नन्दबिहार में अध्ययनरत कक्षा 10वीं के छात्र



अवनीश कुमार नाई पिता सचितानन्द नाई ने 497 अंक हासिल कर प्रदेश के प्रावीण्य सूची में तीसरा एवं जिले में पहला स्थान बनाया है। अवनीश कुमार की गरीबी किसी से भी छुपी नही है। उसके पिता गांव में ही छोटी-मोटी फर्नीचर की दुकान संचालित किये हुये हैं। वही सरस्वती विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा दीप्ती पाण्डेय पिता देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने 493 अंक हासिल कर प्रदेश में सातवां, सरस्वती उमावि देवसर के छात्र नागेन्द्र प्रजापति पिता रामशरण प्रजापति 492 अंक अर्जित कर प्रदेश प्रावीण्य सूची में आठवां, शासकीय उत्कृष्ट उमावि बैढ़न की छात्रा कल्पना कुमारी बैस पिता श्रवण कुमार बैस ने 492 एवं सरस्वती उमावि विंध्यनगर की छात्रा खुशी कुशवाहा पिता राजेश कुशवाहा ने 492 अंक हासिल कर प्रदेश प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान हासिल किया है। छात्र-छात्राओं की इस उत्कृष्ट प्रदर्शन विधायक रामनिवास शाह, कलेक्टर गौरव बैनल, जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने खुशी जाहिर करते हुये छात्र-छात्रों को बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए परीक्षा तैयारियों की होगी समीक्षा

सतना 15 अप्रैल 2026/मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के सुचारू संचालन को लेकर 26 अप्रैल 2026 को परीक्षा जिला मुख्यालय सतना में दो पालियों में आयोजित की जाएगी।



# प्रावीण्य सूची में संभाग के 108 छात्रों ने बनाया स्थान

नवभारत न्यूज

**रीवा, 15 अप्रैल, मध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा संचालित हाई स्कूल/हायर सेकण्डरी परीक्षा 2026 के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये.**

कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद के मार्गदर्शन में संभागान्तर्गत रीवा, सतना, एवं सीधी के हाई स्कूल एवं हायर सेण्डरी के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई. कमिश्नर के मार्गदर्शन में संचालित आपरेशन निखार के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश की मेरिट सूची में 108 छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्त किया गया. गत वर्ष संभाग के 66 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रादेशिक मेरिट सूची में स्थान बनाया गया था.



# अमिलिया में उपद्रव और शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

## स्थिति नियंत्रण में, भारी पुलिस बल तैनात

नवभारत न्यूज

**सीधी 15 अप्रैल। सीधी जिले के थाना अमिलिया क्षेत्रांतर्गत डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर निकाली जा रही रैली के दौरान उपजे विवाद और उसके पश्चात थाने पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 मुख्य आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।**

पुलिस ने उपद्रवियों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में अमिलिया बाजार से हटवा सभा स्थल के लिए एक रैली निकाली जा रही थी। रैली जब अमिलिया हायर सेकेंडरी स्कूल के पास पहुंची, तब सड़क किनारे खड़ी एक बोलेरो के कारण यातायात बाधित होने (जाम लगने) की स्थिति निर्मित हुई। इस दौरान बोलेरो चालक मनीष तिवारी और रैली में शामिल पक्ष के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत कराया और रैली को गंतव्य के लिए रवाना किया।

**थाने पर हमला और शासकीय संपत्ति की तोड़फोड़-** घटना के कुछ समय पश्चात करीब 50-60 लोगों की उग्र भीड़ ने अचानक अमिलिया थाने का घेराव कर दिया। भीड़ की मांग थी कि मारपीट करने वाले दूसरे पक्ष के लोगों को तत्काल उनके हवाले किया जाए। पुलिस स्टाफ द्वारा समझाने के बावजूद भीड़ हिंसक हो गई और लाठी-डंडों व पत्थरों से थाने पर हमला कर दिया।

### पुलिस की कार्रवाई और वर्तमान स्थिति

अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचते ही उपद्रवी मौके से अपनी 11 मोटरसाइकिलें और 01 बोलेरो छोड़कर फरार हो गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला सीधी सहित मऊगंज, रीवा और सतना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। मामले में अपराध क्रमांक 173/2026, धाराएं 191(2), 190, 132, 121(1), 324(3), 331(5) बीएनएस एवं धारा 3, 4 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत अपराध पंजीवद्ध कर अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य संदेही व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99